




नवभारत
भोपाल, शनिवार 1 अगस्त, 2026

# ट्रैक्टर चोरी गिरोह का हुआ पर्दाफाश

## तीन आरोपी गिरफ्तार, 21.20 लाख रुपये के चार चोरी के ट्रैक्टर एवं दो मोबाइल हुए बरामद

नवभारत न्यूज

**खुरई 31 जुलाई. जनता को लगता है कि शहरी पुलिस कुछ नहीं कर रही है अगर ऐसा होता तो चंद दिन पहले चोरी ट्रेक्टरों को बरामद करने में सफलता नहीं मिलती। अब ये तो हो नहीं सकता हर परिवार के दरवाजे पर पुलिस पहरा देती रहे।**

शहरी पुलिस में पदस्थ सभी अधिकारी प्रधान आरक्षक एवं आरक्षक चोरी हुई मामले में नियमानुसार कानूनी कार्यवाही कर रहे हैं। संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं चोरी गए वाहनों की बरामदगी के लिए पुलिस अधीक्षक अनुराग



सुजानिया के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना खुरई शहर पुलिस को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया, नरेन्द्र सोलंकी तथा एसडीओपी खुरई प्रवीण अस्थाना के मार्गदर्शन में थाना खुरई शहर पुलिस ने जिले से बाहर रहकर ट्रैक्टर चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चार चोरी के ट्रैक्टर एवं दो मोबाइल सहित कुल 21 लाख 20 हजार रुपये का मशरूका बरामद किया है। फरियादी अरविंद यादव निवासी खुरई ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका स्वराज 735 ट्रैक्टर (एमपी-40-सीए-2836) तथा पड़ोसी वीरेन्द्र यादव का स्वराज 735 ट्रैक्टर (एमपी-40-एबी-6040), जिन्हें दोनों ने प्रतिदिन की तरह पॉलीटेक्निक कॉलेज के समीप अपने मकान के सामने खड़ा किया था, रात्रि में अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। थाना प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह दांगी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर घटनास्थल एवं आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों की तलाश की गई। जांच के दौरान संदेही अंकुश उइके एवं संतोष उइके को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई, जिन्होंने अपने साथी अनुराग उर्फ अन्नू मालवीय के साथ मिलकर दोनों ट्रैक्टर चोरी करना स्वीकार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि चोरी के ट्रैक्टर शिवपुरी निवासी मोहर सिंह गुर्जर को बेचने के लिए दिए थे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोहर सिंह गुर्जर के कब्जे से चोरी गए दोनों ट्रैक्टर बरामद कर लिए। पूछताछ के दौरान यह भी खुलासा हुआ कि आरोपियों ने पूर्व में गैरतगंज से एक स्वराज ट्रैक्टर तथा खामखेड़ा (जिला विदिशा) से एक स्वराज 733 ट्रैक्टर भी चोरी किया था। पुलिस ने इन दोनों ट्रैक्टरों को भी बरामद कर लिया.

# चंद्रापार्क चौपाटी की बकायेदार दुकानों पर ताले

नवभारत न्यूज

**सागर 31 जुलाई. आखिरकार करीब तीन साल बाद स्मार्ट सिटी प्रबंधन ने चंद्रापार्क चौपाटी के बकायेदार दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। लंबे समय से करोड़ों रुपये की बकाया राशि फंसी होने और बार-बार नोटिस देने के बावजूद भुगतान नहीं होने पर कई दुकानों पर तालाबंदी कर दी गई।**



स्मार्ट सिटी प्रबंधन ने साफ कर दिया है कि यदि सोमवार तक पूरा बकाया जमा नहीं हुआ तो संबंधित दुकानों का आवंटन निरस्त कर दिया जाएगा। दरअसल, सिविल लाइन स्थित चंद्रापार्क चौपाटी की 14 दुकानों का आवंटन वर्ष 2022-23 में किया गया था। अनुबंध के अनुसार प्रत्येक दुकान के लिए करीब 14 लाख रुपये जमा किए जाने थे, लेकिन आवंटन के तीन साल बाद भी कई दुकानदार पूरी राशि जमा नहीं कर पाए हैं। कुछ ने आंशिक भुगतान किया, जबकि कई दुकानदार लगातार नोटिस मिलने के बाद भी बकाया राशि जमा नहीं कर रहे हैं। स्मार्ट सिटी की समीक्षा बैठक में निगमायुक्त सह कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ राजकुमार खत्री ने राजस्व आधारित सभी परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी कीमत पर शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित की जाए। इसी के बाद चंद्रापार्क चौपाटी से कार्रवाई की शुरुआत की गई। जानकारी के अनुसार प्रोजेक्ट इंचार्ज प्रवेश राठौर नगर निगम के अतिक्रमण अमले के साथ मौके पर पहुंचे और बकायेदार दुकानों में ताले डाल दिए। कार्रवाई के दौरान दुकानदारों को अंतिम चेतावनी देते हुए सोमवार तक बकाया राशि जमा करने का समय दिया गया। अधिकारियों का कहना है कि निर्धारित समय में भुगतान नहीं होने पर आवंटन निरस्त कर नई प्रक्रिया शुरू की जाएगी.

## एक नजर में



### ग्राम पंचायत कर्मचारियों की बैठक आयोजित

**सागर.** एसडीएम रहली कुलदीप पाराशर द्वारा सभी छात्रावासों के अधीक्षकों एवं आसपास की अनुसूचित जनजाति बाहुल्य ग्राम पंचायतों के कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई. बैठक में सभी छात्रावासों में उपलब्ध एवं रिक्त स्थानों की जानकारी ली गई. अधीक्षकों को निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायतों तथा सीनियर छात्रावासों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के सहयोग से कक्षा एक से पांच तक के पात्र बालकों को आश्रम शाला में प्रवेश के लिए प्रेरित किया जाए. अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पात्र बच्चों को चिन्हित कर उनके पालकों से चर्चा करने तथा आश्रम शाला में उपलब्ध सभी रिक्त स्थानों पर प्रवेश सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए.




### सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह आयोजित

**बंडा .** शासकीय सांदीपनि विद्यालय में पदस्थ शिक्षिका श्रीमती सूरज सिंह राजपूत के 43 वर्ष के सेवाकाल पश्चात सेवा निवृत्त होने पर सेवा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अध्यक्षता करते हुए डीईओ अरविंद जैन ने कहा कि आज नए नियमों के साथ शिक्षकों का दायित्व भी बढ़ गया है कि वे अपने दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करें. मुख्य अतिथि विधायक वीरेंद्र सिंह ने कहा कि प्राथमिक स्कूलों में महिला शिक्षिकाएं अपने परिवार के अलावा विद्यालय के बच्चों को भी अपने बच्चों की तरह संभालती है,यह बड़ी उपलब्धि है. प्रभारी प्राचार्य विवेक सोनी ने श्रीमती सूरज राजपूत सेवाकाल पर विस्तृत प्रकाश डाला. उन्हें कर्मठ और लगगनशील बताया. कार्यक्रम को महेंद्र प्रताप तिवारी,रूपेश रोशनशंभू शरण तिवारी, श्रीकांत सराफ ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक तरवर सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष वैभव राज कुकरेले, जाहर सिंह, संतोष चौरसिया, संजय सेन,नरेश मिश्रा,जय नारायण तिवारी, चंदू राजा, भूपेंद्र सिंह सिगदोनी ,वीरेंद्र सिंह, डी सी राय, पन्ना पार्षद, राजेश सिंह राजपूत, रंजीत गौर,करन सिंह राजपूत सहित परिजन एवं बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे. संचालन राजेश आनंद खरे एवं आभार प्रधान अध्यापक संजय सेन ने व्यक्त किया.



### कार्यालय में हुआ विदाई समारोह

**रहली.** तहसील कार्यालय में पदस्थ कानून लंबे समय से चुनाव प्रभारी रहे दिनेश सोनकर के सेवानिवृत्ति पर एसडीएम तहसीलदार आर आई पटवारीगण सहित समस्त कार्यालय कर्मचारी ने विदाई समारोह आयोजित कर कहा सोनकर का कार्यकाल निर्विवाद रूप से समर्पित भाव से किया जाता रहा है उनके चले जाने से चुनावी कार्य में कठिनाई आएगी.



### नशे की आदत समाज का नाश कर देती है

**सागर.** शासकीय स्वशासी कन्या महाविद्यालय में डॉ. अपर्णा चाचोंदिया नृत्य विभागाध्यक्ष द्वारा नशामुक्ति आधारित नृत्य के माध्यम समाज में संदेश प्रसारित करने का प्रयास किया। संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. हरिओम सोनी ने निर्देशन में छात्राओं ने नशा मुक्ति आधारित गीत प्रस्तुत किया. डॉ. आकर्षा तिवारी एवं अर्चना मिश्रा राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी द्वारा स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. नशा से दूरी है जरूरी छात्राओं द्वारा एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया.

### महापौर ने रथ यात्रा में पहुंचकर लिया आशीर्वाद

**सागर.** नगर की ऐतिहासिक एवं विगत 186 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रही तिसाला बड़ी पूजा एवं रथ यात्रा में महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी ने वरिष्ठ भाजपा नेता एवं महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी तथा भाजपा प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट रिशांक तिवारी के साथ पहुंचकर मां दुर्गा के दर्शन किए. महापौर श्रीमती तिवारी ने माता को पुष्प अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की. इस अवसर पर नरेश यादव, राजेश केसरवानी, मुकेश साहू, रमेश साहू, आनंद चौहान, विकास केसरवानी मौजूद थे.

# खाद्य मंत्री ने किया गौशाला का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सागर 31 जुलाई. खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत अपनी धर्मपत्नी एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सविता सिंह राजपूत के साथ सुरखी स्थित सांवरे सरकार गौशाला पहुंचे। जहां प्रसिद्ध कथा वाचक विपिन बिहारी जी महाराज का आशीर्वाद लिया।**



मंत्री श्री राजपूत ने वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री डॉ रामकृष्ण कुसमरिया के साथ गौशाला सहित मंदिर परिसर का भ्रमण एवं निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा गौ सेवा से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की।

मंत्री श्री राजपूत ने क्षेत्र की प्राचीन आस्था के केंद्र बंजारी माता मंदिर पहुंचकर माता रानी के दर्शन एवं पूजन-अर्चन किए. इस अवसर पर उन्होंने नव मंदिर निर्माण के लिए विधि-विधान से भूमिपूजन किया। गौरतलब है कि मंत्री श्री राजपूत द्वारा गौशाला एवं मंदिर निर्माण के विकास एवं विस्तार में अनेकों कार्य किये । जिसमें मुख्य मार्ग से गौशाला तक पहुंचने के लिए पक्का रोड निर्माण कार्य एवं मंदिर में आस्था से जुडे अनेक कार्य किए.

# 1008 पौधों का होगा रोपण

नवभारत न्यूज

**सागर 31 जुलाई. भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 10 द्वारा पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत 2 अगस्त रविवार को शाश्वत सिद्ध क्षेत्र सम्मेद शिखर और गिरनार जी सहित बुंदेलखंड के 24 दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्रों पर एक साथ तीर्थंकर भगवान के 1008 नामों को समर्पित 1008 पौधारोपण तथा 24 तीर्थंकरों की पावन स्मृति में श्रीफल समर्पित किए जाएंगे।**

धर्म, प्रकृति और समाज सेवा का अनोखा 'त्रिवेणी संगम'अभियान के अंतर्गत प्रत्येक तीर्थ क्षेत्र पर धर्म प्रभावना, पर्यावरण जागरण एवं संगठन विस्तार को केंद्र में रखकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।यह अभियान केवल पौधारोपण नहीं, बल्कि जैन धर्म के मूल सिद्धांतों अहिंसा, करुणा और संयम—को प्रकृति से जोड़ने का एक पवित्र प्रयास है। 1008 नामों के माध्यम से तीर्थंकर भगवान की महिमा को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ना एक अद्वितीय धर्म साधना है। जिनेश जैन बहरोल, क्षेत्रीय मंत्री ने बताया कि संचालन के लिए क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय पदाधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं.

# छह पर हत्या का मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

**सागर 31 जुलाई. रहली थाना क्षेत्र के ग्राम धनगुवा में हुए चर्चित हत्याकांड में पुलिस की कार्यप्रणाली पर मृतक रामदीन सेन के परिजनों ने गंभीर सवाल उठाए है।**

उनका आरोप है कि घटना के 17 दिन बाद उन्हें एफआइआर की प्रति उपलब्ध कराई गई, जबकि घटना के दो दिन बाद तक एफआइआर दर्ज ही नहीं हुई। परिजनों का आरोप है कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रहली पहुंचने के बाद 15 जुलाई की रात मामला दर्ज किया गया। उनका यह भी आरोप है कि एफआइआर उनकी मौजूदगी के बिना दर्ज की गई, उन्हें आरोपियों के नाम नहीं बताए गए और पुलिस के ऑनलाइन सिटीजन पोर्टल पर 1 एफआईआर अपलोड नहीं की गई। पुलिस के मर्ग जांच प्रतिवेदन के अनुसार, मृतक की पत्नी अहिल्यारानी, पुत्र मनोहर, मां महारानी, भाई चंद्रभान और प्रत्यक्षदर्शी संजय रावत के बयानों के आधार पर जांच की गई। जांच में सामने आया कि घटना से कुछ दिन पहले मृतक और ब्रजेश विश्वकर्मा के परिवार के बीच विवाद हुआ था। पंचनामा, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और गवाहों के बयानों के आधार पर पुलिस ने ब्रजेश, नीलू, विवेक, लखन, गणेश और सोनू विश्वकर्मा के खिलाफ बीएनएस की धारा 103(1), 296 एवं 191(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की है.

### भोपाल में सम्मानित

**सागर.** नगर निगम में पदस्थ असिस्टेंट अकाउंटेंट श्रीमती नीतू तिवारी शुक्ला ने अखिल भारतीय स्थानीय स्व-शासन संस्थान द्वारा आयोजित डिप्लोमा इन लोकल गवर्नमेंट फाइनेंशियल मैनेजमेंट की फरवरी-2026 परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया. भोपाल के शिवाजी नगर स्थित राज भवन में आयोजित सम्मान समारोह में भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय ने नीतू तिवारी शुक्ला को सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट' प्रदान कर सम्मानित किय. इस अवसर पर महापौर ने कहा कि स्थानीय स्वशासन संस्थाओं में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों की ऐसी उपलब्धियां पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणादायक हैं.

# जीवन में किसी लिफाफे को खोलकर नहीं देखा

नवभारत न्यूज

**सागर 31 जुलाई. भाग्योदय तीर्थ में मुनिश्री चंद्रसागर महाराज ने प्रवचनों में कहा कि मनुष्य जब केवल अर्थ की चिंता छोड़कर परमार्थ के मार्ग पर चलता है, उसका जीवन सार्थक बनता है। जो व्यक्ति अर्थ से हटकर परमार्थ में लग जाता है, वही वास्तविक अर्थों में श्रेष्ठ और गरिष्ठ बनता है।**

मुनिश्री ने आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के तप, त्याग और चरित्र का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने अपने पूरे जीवन में किसी लिफाफे को खोलकर नहीं देखा और न ही कभी खिड़की- दरवाजे खोलने जैसे सांसारिक कार्यों में रुचि ली। वे चरित्र, कार्य और अनुमोदना—इन तीनों की पवित्रता पर विशेष बल देते थे तथा जीव और अजीव दोनों के प्रति सम्यक दृष्टि रखते थे। उन्होंने कहा कि साधु की दृष्टि सीसीटीवी कैमरे की तरह सजग होती है। आहार के समय भी साधु पूर्ण जागरूकता के साथ प्रत्येक परिस्थिति का अवलोकन करता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में बेटियों के संस्कार और सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। बच्चों को ऐसे वातावरण में शिक्षा मिले, जहां संस्कारों का विकास हो। इस अवसर पर मुनि श्री गरिष्ठ सागर महाराज ने कहा कि निर्यापक श्रमण मुनि श्री अभय सागर महाराज दिनभर अध्ययन और लेखन में निरंतर लगे रहते हैं। वे अपनी जागरूकता, अनुशासन और गुरु के प्रति अद्भुत समर्पण के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि मुनि श्री अभय सागर महाराज ने ऐसे अनेक कार्य संपन्न कराए हैं, जो सदैव स्मरणीय रहेंगे। उनकी प्रेरणा से जबलपुर-अजमेर रेलगाड़ी का नाम दयोदय एक्सप्रेस तथा जबलपुर-रायपुर रेलगाड़ी का नाम मूकमाटी एक्सप्रेस रखा गया।

# पुलिस अधिकारियों की हुई विधिक दक्षता

नवभारत न्यूज

**सागर 31 जुलाई. पुलिस कंट्रोल रूम में नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स का समापन हुआ।**

प्रशिक्षण कार्यक्रम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर श्री नरेंद्र सोलंकी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इसमें जिले के विभिन्न थाना एवं इकाइयों से लगभग 70 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। दो दिनों तक चले इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों, अनुसंधान की नवीन प्रक्रिया, डिजिटल एवं




वैज्ञानिक साक्ष्यों के संकलन, अपराध विवेचना, गिरफ्तारी, तलाशी, जब्ती, न्यायालयीन प्रक्रिया तथा कानूनों के व्यावहारिक क्रियान्वयन से जुड़े विषयों पर विस्तृत एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विषय विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया तथा केस स्टडी एवं व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से कानूनों के प्रभावी अनुपालन की प्रक्रिया को समझाया। अधिकारियों ने कहा कि नवीन आपराधिक कानूनों का उद्देश्य न्याय व्यवस्था को अधिक सरल, पारदर्शी, तकनीक आधारित, समयबद्ध, नागरिक-केंद्रित बनाना है। इन कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन तभी संभव है जब पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उनके प्रावधानों का गहन अध्ययन कर उन्हें व्यवहार में पूरी दक्षता के साथ लागू करें.

### फुटबॉल टूर्नामेंट आज से

**सागर.** ई.एल.सी. चर्च, क्रिश्चियन फुटबॉल क्लब एवं ई.एल.सी. क्रिकेट 11 के तत्वावधान में '9 ए साइड फुटबॉल टूर्नामेंट-क्रिश्चियन सुपर लीग 2026 का आयोजन 1 अगस्त से स्वीडिश मिशन स्कूल फुटबॉल ग्राउंड, सिविल लाइन में किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार टूर्नामेंट का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, अनुशासन, टीम वर्क और आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली विजेता और उपविजेता टीमों को आकर्षक नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी व्यक्तिगत पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। आयोजन समिति ने टूर्नामेंट में भाग लेने की इच्छुक सभी फुटबॉल टीमों से पंजीकरण कराने की अपील की है.

# बुजुर्ग को जान से मारने की धमकी

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 31 जुलाई. कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइंस में रहने वाले एक 70 वर्षीय बुजुर्ग को घर में घुसकर गाली-गलौज करने, मुकदमे वापस लेने का दबाव बनाने तथा जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है।**

तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन निवासी विजय नारायण गोस्वामी ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ घर पर मौजूद थे और नाली की सफाई करवा रहे थे। इसी दौरान मोहल्ला चौबयाना निवासी अनिल चौबे पुत्र विश्वनाथ चौबे बिना अनुमति उनके घर में घुस आया और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने लगा। आरोपी ने उन पर झांसी निवासी डा.संजय चौबे से संबंधित चल रहे मुकदमों को वापस लेने का दबाव बनाया। विरोध करने पर आरोपी ने कथित रूप से धमकी दी कि यदि मुकदमे वापस नहीं लिए गए तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा और उनकी लाश बोरी में बांधकर फेंक दी जाएगी। घटना के दौरान उसकी पत्नी, आसपास के लोगों एवं राहगीरों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित का कहना है कि पूरी घटना उनके घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है, बुजुर्ग ने अपनी शिकायत में यह भी बताया कि घटना के बाद वह और उनकी पत्नी लगातार भयभीत एवं अस्वस्थ रहे, जिसके कारण तत्काल पुलिस में रिपोर्ट दर्ज नहीं करा सके। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी अनिल चौबे के खिलाफ बीएनएस की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है.

# कंपनी द्वारा अवैध खनन

नवभारत न्यूज

**शाहगढ़ 31 जुलाई. एनएच पर जीत कंपनी जो कि सेमरापुल से सुक्खू नदी पुल तक सड़क निर्माण कार्य कर रही है उसकी अनियमितताओं के अम्बार हैं । जिसमें लोगों के आरोप हैं कि इन्होंने शाहगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत नारायण पुरा के अलावा बीला बांध और हीरापुर तालाब की सड़क पुराई के लिए करोड़ों की मिट्टी का उठाव किया है.**

जानकारी के अनुसार शाहगढ़ क्षेत्र में कई करोड़ों की राजस्व क्षति की है । दिखावे के लिए इस कंपनी द्वारा 2025 लगभग 7.5 लाख रु की बीला तलाव की सिल्ट उठाने की लीज ली परंतु कंपनी द्वारा 2026 में भी सिल्ट उठाव के नाम पर गहरे गहरे खाईयां खोद दी। 3 तलाबों से कई हजारों डंफर मिट्टी के बदले नाम मात्र की लीज देकर करोड़ों का राजस्व क्षति करने में जल संसाधन विभाग केघनश्याम चौधरी के योगदान की खबरों को जोर इस लिए भी मिला । क्योंकि चंदिया बांध की मुख्य नहर के सुधार कार्य के लिए जीत कंपनी द्वारा अपनी मशीनों और लोगों को भेजा गया ।इस कंपनी द्वारा घटिया निर्माण भी किया है।

### भुगतान में तेजी लाने के निर्देश दिए गए

**सागर.** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा मूंग एवं उड़द उपार्जन कार्य की समीक्षा की गई। उपसंचालक कृषि द्वारा अवगत कराया गया कि विपणन वर्ष 2025-26 में ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द उपार्जन का कार्य जिले में निर्धारित 22 केंद्रों पर किया जा रहा है। जिले में कल 17,284 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है, जिसमें 13,995 किसानों द्वारा उपार्जन हेतु स्लॉट बुक किए गए हैं। स्लॉट बुक किए गए किसानों में से 9,269 किसानों से 45,957 क्विंटल मूंग एवं उड़द की खरीदी की गई है। इसमें 38,640 क्विंटल मात्रा रेडी टू ट्रांसपोर्ट होने के उपरांत 31,039 क्विंटल का परिवहन किया जा चुका है।

# कला गुरु सम्मान समारोह हुआ संपन्न

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 31 जुलाई. गुरु पूर्णिमा पर संस्कार भारती के तत्वावधान में श्रीसिद्धपीठ चंडी धाम मंदिर स्थित मंगल भवन में श्रीनटराज पूजन एवं कला गुरु सम्मान समारोह संपन्न हुआ।**



कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति, कला एवं गुरु-परंपरा के संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि स्वामी श्रीचन्द्रेश्वरगिरी महाराज एवं राज्यमंत्री मनोहर लाल रहे, जबकि अध्यक्षता संस्कार भारती अध्यक्ष बृजमोहन संज्ञा ने की। संस्कार भारती मंत्री के.के. पाठक ने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। समारोह में जिले के प्रतिष्ठित कलाकारों एवं संगीतकारों ने अपनी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमुदाय को मंत्रमुग्ध कर दिया। संगीत के क्षेत्र में लक्ष्मीनारायण शर्मा, चित्रकला में सेवानिवृत्त कला प्रवक्ता बृजबाला सेइया, साहित्य में बुंदेली कवि पुरुषोत्तम नारायण पस्तोर, अभिनय एवं निर्देशन में संजीव बावरा शामिल रहे। इकलाकार मनमोहन संज्ञा, ओमकार राजा, प्रो. संदीप श्रीवास्तव, सुरेंद्र झा, .शिवानी झा, मास्टर शिवा झा, हर्ष जैन, राजा बृजेंद्र सिंह मौजूद थे.